बिहार सरकार
निर्वाचन विभाग
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (बैंगल्स रोड), बिहार, पटना – 800015

दूरभाष सं0 –0612–2217956
फैक्सः– 0612–2215611 / 2215978
ई–मेलः– ceo-bihar@eci.gov.in

पत्रांकः ई2–2–80 / 2019– पटना, दिनांक फरवरी, 2020 ई०।

प्रेषक

आलोक कुमार,
उप सचिव।

सेवा में

सभी प्रमण्डलीय आयुक्त /
सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–जिला पदाधिकारी, बिहार।

विषयः– **बिहार निर्वाचन सेवा के सभी उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी / उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं अवर निर्वाचन पदाधिकारियों की वार्षिक गोपनीय अभ्युक्तियाँ भेजने के संबंध में।**

प्रसंगः– **मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का पत्रांक–CEO-Bihar-105/2019 दिनांक–18.09.2019 एवं विभागीय पत्रांक–4552 दिनांक–29.08.2013, पत्रांक–7391 दिनांक–19.10.2019 एवं पत्रांक 594 दिनांक 14.02.2020.**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि प्रासंगिक विभागीय पत्र–4552 दिनांक–29.08.2013 द्वारा बिहार निर्वाचन सेवा के उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी / उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं अवर निर्वाचन पदाधिकारी के वार्षिक गोपनीय अभियुक्ति के अभिलेखन से संबंधित दिशा निर्देश निर्गत है। उक्त के क्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का पत्रांक–CEO-Bihar-105/2019 दिनांक–18.09.2019 द्वारा आप सभी के कार्य क्षेत्र के अंतर्गत पदस्थापित बिहार निर्वाचन सेवा के पदाधिकारियों का वित्तीय वर्षवार, वित्तीय वर्ष–2018–19 तक की वार्षिक गोपनीय अभियुक्तियाँ अलग–अलग अभिलेखित करते हुये 15 दिन के अन्दर उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया था। उक्त के संबंध में विभागीय पत्रांक–7391 दिनांक–19.10.2019 द्वारा स्मारित भी किया गया है परन्तु कतिपय कार्यालयों से इस संबंध में सूचना एवं उक्त पदाधिकारियों की विहित प्रपत्र में वार्षिक गोपनीय अभियुक्तियाँ अभिलेखन सहित अप्राप्त है।

उक्त के आलोक में आप सभी से पुनः अनुरोध है कि आपके कार्य क्षेत्र के अंतर्गत पदस्थापित बिहार निर्वाचन सेवा के उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी / उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं अवर निर्वाचन पदाधिकारी का वित्तीय वर्ष 2018–19 तक का वार्षिक गोपनीय अभियुक्ति अभिलेखन हेतु विहित प्रपत्र एक सप्ताह के अंदर निश्चित रूप से समर्पित करने का निदेश दिया जाय तथा इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी को अपने स्तर से निदेशित करने की कृपा की जाये। यदि कोई पदाधिकारी उक्त अवधि के पश्चात अर्थात् समय पर कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन समर्पित नहीं करते हैं तो प्रतिवेदक पदाधिकारी उनके कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन समय पर प्राप्त नहीं होने का उल्लेख करते हुए उनका कार्य मूल्यांकन अंकित करना सुनिश्चित करेंगे तथा वित्तीय वर्ष 2019–20 का वार्षिक गोपनीय अभियुक्ति अभिलेखन हेतु विहित प्रपत्र अपने प्रतिवेदक पदाधिकारी को विभागीय पत्रांक 4552 दिनांक 29.08.2013 में निर्गत दिशा–निदेशों के अनुरूप एवं पत्र में निर्धारित तिथियों / ससमय उपलब्ध कराने का निदेश देने की कृपा की जाये।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाये।

अनु0ः– यथोक्त।

विश्वासभाजन,

ह0 / –
(आलोक कुमार)
उप सचिव।

Scanned with CamScanner

पटना, दिनांक फरवरी, 2020 ई०।

ज्ञापांकः–ई2–2–80/2019–

प्रतिलिपिः– सभी प्रमंडलीय उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी/सभी उप निर्वाचन पदाधिकारी/सभी अवर निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–

(आलोक कुमार)

उप सचिव।

ज्ञापांकः–ई2–2–80/2019– 717 पटना, दिनांक 27 फरवरी, 2020 ई०।

प्रतिलिपिः– श्री अभिषेक कुमार, आई० टी० मैनेंजर, निर्वाचन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित।

(आलोक कुमार)

उप सचिव।

P.K

Scanned with CamScanner